भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर

भर्ती अधिसूचना सं. 03/2018 का विवरण

निम्नलिखित पदों पर सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	प्रकार	वेतन स्तर (सातवें वेतन आयोग)/ समेकित मासिक परिलब्धियां	आयु सीमा	श्रेणी
1	अधिकारी	1 (मुम्बई परिसर हेतु)	नियमित	वेतन स्तर 10	45 वर्ष	अ.पि.व.
2	अधिशासी अभियंता (विद्दुतीय)	1	अनुबंध पर (5 वर्षों तक)	रु..90,000/- प्र. मा.	45 वर्ष	अनारक्षित
3	पर्यावरण स्वास्थ्य एवं संरक्षा अधिकारी	1	अनुबंध पर (5 वर्षों तक)	रु.75,000/- प्र. मा.	50 वर्ष	अनारक्षित

योग्यता, अनुभव एवं अन्य नियमों व शर्तों का विवरण:

1. अधिकारी (मुंबई परिसर हेतु)

(क) न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:

55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री या इसके समकक्ष, उत्कृष्ट अकादमिक रिकॉर्ड के साथ।

(ख) न्यूनतम कार्य अनुभव:

प्रासंगिक/उचित पद पर कम से कम पांच वर्ष का अनुभव जो अधिमानत: केंद्रीय/राज्य सरकार के संगठनों या सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों या विश्वविद्दालयों या स्वायत्त संस्थानों में हो।

महत्वपूर्ण नोट: - कृपया ध्यान दें कि इस पद के लिए प्रारंभिक तैनाती सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई में स्थित संस्थान के मुंबई परिसर में होगी। हालांकि, पद अन्य सभी पदों की भाँति स्थानांतरणीय है।

2. अधिशासी अभियंता (इलेक्ट्रिकल / विददुतीय) - अनुबंध पर

(क) न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:
उत्कृष्ट अकादमिक रिकॉर्ड के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में कम से कम 55% अंकों के साथ बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष ।

(ख) न्यूनतम कार्य अनुभव:
प्रासंगिक/उचित पद पर कम से कम पांच वर्ष का अनुभव जो अधिमानत: केंद्रीय/राज्य सरकार के संगठनों या सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों या विश्वविद्दालयों या स्वायत्त संस्थानों में हो ।

पद अनुबंध पर होगा, अर्थात एक वर्ष का प्रारंभिक अनुबंध जो प्रथम वर्ष के अंत में एवं तदुपरांत प्रत्येक वर्ष के अंत में, कार्य निष्पादन की समीक्षा पर, उम्मीदवार के कार्यग्रहण करने की तारीख से कुल पांच वर्ष तक की अधिकतम अवधि के लिए विस्तारित होगा ।

3. पर्यावरण स्वास्थ्य एवं संरक्षा (ईएचएस) अधिकारी

(क) न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:

अग्नि एवं संरक्षा या औद्दोगिक संरक्षा अभियांत्रिकी या सम्बंधित शिक्षा क्षेत्र में बी.ई./बी.टेक.

या

बी.एस.सी. (अग्नि एवं औद्दोगिक संरक्षा) / बी.एस.सी. (स्वास्थ्य संरक्षा एवं पर्यावरण)/ बी.एस.सी. (पर्यावरण स्वास्थ्य एवं संरक्षा) / बी.एस.सी. (ऑक्यूपेशनल स्वास्थ्य एवं संरक्षा)/ बी.एस.सी. (अग्नि संरक्षा व विपत्ति प्रबंधन) या सम्बंधित शिक्षा क्षेत्र में स्नातक की डिग्री

या

बी.ई./बी.टेक. डिग्री के साथ स्वास्थ्य संरक्षा एवं पर्यावरण/ इ एच एस/ अग्नि एवं संरक्षा/ औद्दोगिक संरक्षा में डिप्लोमा

औद्दोगिक संरक्षा अभियांत्रिकी / स्वास्थ्य संरक्षा एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी/ पर्यावरण स्वास्थ्य एवं संरक्षा में एम.ई./ एम.टेक. या ऊपर उल्लेखित विषयों में से किसी में स्नातकोत्तर डिग्री वांछनीय है |

(ख) न्यूनतम कार्य अनुभव:

प्रासंगिक/उचित पद पर कम से कम पांच वर्ष का अनुभव जो अधिमानत: केंद्रीय/राज्य सरकार

के संगठनों या सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों या विश्वविद्दालयों या स्वायत्त संस्थानों में हो ।

पद अनुबंध पर होगा, अर्थात एक वर्ष का प्रारंभिक अनुबंध जो प्रथम वर्ष के अंत में एवं तदुपरांत प्रत्येक वर्ष के अंत में, कार्य निष्पादन की समीक्षा पर, उम्मीदवार के कार्यग्रहण करने की तारीख से कुल पांच वर्ष तक की अधिकतम अवधि के लिए विस्तारित होगा ।

<u>सामान्य जानकारी और अन्य नियम व शर्तें:</u>

1. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भविष्य में इस संबंध में प्रकाशित होने वाली सभी सूचनाओं के लिए नियमित रूप से हमारी वेबसाइट के करियर अनुभाग का अवलोकन करें |

2. संस्थान इस प्रक्रिया के दौरान विज्ञापन में दी गयी किसी भी पद / रिक्तियों की संख्या घटाने /बढाने; सभी पदों / किसी भी पद को ना भरने / पद हेतु किसी भी उम्मीदवार को भर्ती / निरस्त / करने का अधिकार बिना कोई कारण बताये सुरक्षित रखता है ।

3. वेतन लेवल/ वेतन सूचक हैं । भ.प्र.सं. इंदौर को पद के लिए उचित वेतन (जो कि पद के लिए उल्लेखित वेतन से उच्च या निम्न हों सकता है) देने में हर्ष होगा और असाधारण योग्य उम्मीदवार के मामले में आयु सीमा में उचित छूट भी दी जा सकती है ।

4. सेवारत इच्छुक उम्मीदवारों को अपने विभाग प्रमुख / नियुक्ति करने वाले प्राधिकारी को आवेदन के पूर्व सूचित करना आवश्यक होगा | अगले चरण के लिए लघुसूचीकृत किए जाने की दशा में उम्मीदवारों को नियुक्ति करने वाले प्राधिकारी / सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा |

5. केवल न्यूनतम शैक्षिक योग्यता और अनुभव को पूरा करने से ही उम्मीदवार को यह अधिकार नहीं होगा कि उन्हें चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए बुलाया ही जाए । प्राप्त आवेदनों की संख्या और गुणवत्ता के आधार पर संस्थान उम्मीदवारों को अगले चरण के लिए लघुसूचीकृत कर सकता है । अतः संस्थान केवल लघुसूचीकृत (शार्टलिस्टेड) उम्मीदवारों को ही चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए बुला सकता है | चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा या व्यक्तिगत साक्षात्कार या दोनों या संस्थान द्वारा उचित समझी जाने वाला कोई भी अन्य परीक्षा/परीक्षाएं शामिल किए जा सकते हैं ।

6. शैक्षिक योग्यता, कार्य अनुभव और आयु की गणना करने हेतु अंतिम तिथि 16 अगस्त, 2018 है।

7. संस्थान द्वारा केवल लघुसूचीकृत उम्मीदवारों से ही संचार/संपर्क किया जाएगा ।

8. प्रक्रिया के दौरान / पश्चात इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का पत्राचार / संचार उम्मीदवारों द्वारा नहीं किया जाएगा ।

9. किसी भी तरह के पक्ष-प्रचार के पाए जाने पर उम्मीदवार को अयोग्य कर दिया जाएगा ।

10. संस्थान में कार्यग्रहण करने के लिए चयनित उम्मीदवारों को तुरंत कार्यभार संभालना होगा ।

11. साक्षात्कार में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार के टीए / डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।

12. भारतीय मानक समय के अनुसार ऑनलाइन लिंक के माध्यम द्वारा विधिवत भरे हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2018 है।

13. "कोई व्यक्ति: -

(क) जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह का अनुबंध किया हो जिस का/की पति या पत्नी जीवित हों, या

(ख) जिसने कि जीवित पति या पत्नी के होते हुए भी किसी व्यक्ति के साथ विवाह का अनुबंध किया हो, संस्थान की सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र है,

बशर्ते कि संस्थान, यदि संतुष्ट है कि इस तरह के विवाह पर्सनल लॉ के अधीन लागू व अनुज्ञेय हैं और विवाह के अन्य पक्षकार को स्वीकार्य हैं और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं, किसी भी व्यक्ति को नियम के प्रवर्तन से छूट दी जा सकती है ।"

आवेदन शुल्क

(i) **अ.जा./अ.ज.जा./दिव्यांग श्रेणी एवं महिला उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क देने से छूट प्रदान की गयी है । आवेदन शुल्क रु. 1000/-** (रुपये एक हजार मात्र) सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुष उम्मीदवारों द्वारा ही देय होगा । इस उद्देश्य के लिए भुगतान हेतु स्वीकार्य प्रणाली केवल डिमांड ड्राफ्ट ही है । किसी अन्य माध्यम से जमा किया गया शुल्क स्वीकार्य नहीं होगा ।

(ii) कृपया नोट करें कि आवेदन शुल्क लौटाया नहीं जाएगा (नॉन-रिफंडेबल है) ।

आवेदन कैसे करें

(i) जिस पद के लिए उम्मीदवार आवेदन कर रहे हैं उस पद के लिए अपनी पात्रता की उचित प्रकार से जाँच करने के बाद हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए लिंक के माध्यम से ही उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना आवश्यक है ।

(ii) अपने ऑनलाइन आवेदन को सफलतापूर्वक जमा करने पर उम्मीदवारों को, उनके द्वारा आवेदन फॉर्म में भरे गए ई-मेल पर, उनके द्वारा भरे गए आवेदन फॉर्म की एक पावती मिलेगी। इस इ-मेल का एक प्रिंट-आउट लिया जाना है और फॉर्म में दिए गए विवरण की जांच कर इस पर हस्ताक्षर करने के बाद हमें भेजा जाना है (डिमांड ड्राफ्ट के उल्लेख के साथ जैसा कि बिंदु क्रमांक (iv) में नीचे दिया गया है) ।

(iii) यदि उम्मीदवार को पावती ई-मेल प्राप्त नहीं होती है तो वे अपने स्पैम फोल्डर की जांच करें यदि वहाँ भी यह उपलब्ध नहीं है तब उम्मीदवार हमें career@iimidr.ac.in पर "भर्ती 03/2018" के विषय-शीर्षक (सब्जेक्ट लाइन) के साथ 16 अगस्त 2018 तक या उसके पहले लिख सकते हैं । कृपया ध्यान रहे कि इस सन्दर्भ में 16 अगस्त 2018 के बाद उम्मीदवारों द्वारा भेजी गई ई-मेल का जवाब नहीं दिया जाएगा | उन उम्मीदवारों को इस सन्दर्भ में ई-मेल का जवाब, केवल ऑनलाइन आवेदन की प्राप्ति / प्राप्ति नहीं की पुष्टि करते हुए, एक या दो कार्य दिवस में दे दिया जायेगा । इसी दौरान स्वयं के हित में ऐसे सभी उम्मीदवार अंतिम तिथि 16 अगस्त 2018 तक या उससे पहले पुनः ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं ।

(iv) उम्मीदवार को आवेदन शुल्क एकाउंट पर देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में **"भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर"** के पक्ष में जो कि **इंदौर** में देय हो भेजना है । अपने आवेदन को मान्य करने के लिए उम्मीदवार को अपने विवरण (नाम, मोबाइल, आधार/ पैन और पदनाम जिसके लिए आवेदन किया है) डिमांड ड्राफ्ट के पीछे लिखना है और इ-मेल पर प्राप्त आवेदन की पावती के प्रिंट आउट पर हस्ताक्षर के साथ "कार्मिक कार्यालय, भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर, प्रबंध शिखर, राऊ-पीथमपुर रोड, इंदौर-453331 (मध्य प्रदेश) में भेजना है जो कि भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर में दिनांक 23 अगस्त 2018 तक पहुँच जाना चाहिए । भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर किसी भी प्रकार के डाक/कूरियर विलम्ब या डाक/कूरियर गुम होने की दशा में ज़िम्मेदार नहीं होगा ।

(v) ऐसे उम्मीदवार जिन्हें कि आवेदन शुल्क से छूट प्राप्त है उन्हें अपने आवेदन पावती के प्रिंट आउट पर उचित प्रकार से हस्ताक्षर करने के बाद ऊपर दिए गए पते पर भेजना है जो कि भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर में दिनांक 23 अगस्त 2018 तक पहुँच जाना चाहिए । कृपया ध्यान दें कि दिनांक 16 अगस्त 2018 तक अपना ऑनलाइन आवेदन जमा करना सभी उम्मीदवारों हेतु अनिवार्य रहेगा ।

(vi) ऊपर दी गयी प्रक्रिया के अलावा किसी भी अन्य प्रकार से भेजे गए आवेदनों का प्रसंस्करण नहीं किया जाएगा । साथ ही ऑनलाइन आवेदन में भी सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध न कराने की दशा में भी आवेदन प्रसंस्कृत नहीं किए जाएंगे ।